उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज ने लघु वित्त बैंक लाइसेंस के लिये आवेदन दिया

नई दिल्ली,(भाषा)। उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपनी अनुषंगी के लिये लघु वित्त बैंक लाइसेंस हेतु रिजर्व बैंक को आवेदन किया है। उज्जीवन फाइनेंशियल ने एक नियामकीय सूचना में कहा, ''कंपनी ने अपनी पूर्ण अनुषंगी उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक लि. के लिये बैंक लाइसेंस को लेकर 18 अगस्त 2016 को आवेदन किया।'' रिजर्व बैंक ने कंपनी को सात अक्तूबर 2015 को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी थी। शीर्ष बैंक ने सैद्धांतिक रूप से कुल 10 आवेदकों को लघु वित्त बैंक के लिये सैद्धांतिक मंजूरी दी थी।